पुलिस टीम ने घर में बने पार्क से 380 अफीम के पौधे बरामद किए

डीएसटी टीम और जंक्शन पुलिस ने एक साथ कार्रवाई की

हनुमानगढ़, (निसं)। डीएसटी टीम और जंक्शन पुलिस ने एक साथ कार्रवाई करते हुए एक मकान में बने पार्क से बड़ी संख्या में अफीम के पौधे बरामद किए हैं। जंक्शन पुलिस ने डीएसटी टीम के सहयोग से सिविल लाइंस इलाके में एक घर मे दबिश दी। घर मे बने पार्क से 380 पौधे अफीम के बरामद किए। मुखबिर की सूचना पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मकान मालिक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जंक्शन थानाधिकारी अशोक बिश्नोई ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिविल लाइन स्थित एक मकान के पार्क में अफीम के पौधे उगाए हुए हैं। जांच के बाद पुलिस टीम ने रविवार सुबह 11 बजे सिविल लाइन में जिला परिषद रोड स्थित मकान पर छापा मारा। घर के पार्क में उगाए गए अफीम के 380 पौधे जब्त किए। इस संबंध में मकान मालिक कमल पुत्र इन्द्रचन्द के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

जिले में अफीम तस्करी के अलावा अफीम के पौधे उगाने का यह इन दिनों का दूसरा मामला है। अफीम के पौधे पकड़ने की पुलिस की यह दूसरी कार्रवाई है। इससे पहले सदर थाना पुलिस ने डीएसटी के सहयोग से पांच मार्च को गांव जंडावाली के पास ढ ाणी से अफीम की खेती करते एक जने को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अफीम के 130 पौधे जब्त कर खेत मालिक को मौके से गिरफ्तार भी किया था। अब सिविल लाइंस में भी अफीम के पौधे घर के बने पार्क में उगाने के मामले सहित ये इन दिनों का दूसरा मामला सामने आया है। जंक्शन थाने के एएसआई शैलेष चंद्र के नेतृत्व में अफीम के पौधे बरामद करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस टीम में हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह, सुभाषचंद्र और श्रवण कुमार शामिल रहे। हालांकि इस प्रकरण में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

आरएसी के जवान ने व्यापारी के साथ मारपीट की

व्यापारियो ने आक्रोश जताते हुए बाजार बंद किया

गंगापुर सिटी, (निसं)। सोमवार दोपहर 12 बजे करीब फब्बारा चौक पर पवन इलैक्ट्रिक की दुकान के सामने तीन महिलाएं खड़ी थी। व्यापारी पुत्र आशीष गुप्ता ने महिलाओं से दुकान के सामने से हटने को कहा तो इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि मामला मारपीट तक पहुंच गया।

महिलाओं ने अपने रिश्तेदार आरएसी के जवान को मौके पर बुला कर जिसने व्यापारी पुत्र के साथ मारपीट की। मारपीट होती देख आसपास के

- पूर्व विधायक के नेतृत्व में थाने पर दिया धरना
- एएसपी के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने खोला बाजार

गंगापुर सिटी थाने में घटना के विरोध में व्यापारियों ने धरना दिया।

दुकानदार मौके पर एकत्रित हो गए। अचानक हुई घटना से व्यापारियो में आक्रोश फैल गया। सूचना पर तुरंत ही उप पुलिस अधीक्षक मुनेश कुमार मीना व कोतवाली थानाधिकारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से वार्ता कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए कहा। सूचना मिलते ही घटना के विरोध में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरत्न अग्रवाल, पूर्व उपसभापति दीपक सिंहल व्यापारियों के साथ थाने पहुंचे व आरोपी आएसी जवान के खिलाफ कार्रवाही की मांग को लेकर थाने में धरने पर बैठ गए।

इस दौरान एएसपी सुरेश खिंची, पुलिस उपाधीक्षक मुनेश मीना, थानाधिकारी करण सिंह राठौड ने पूर्व विधायक से वार्ता कर धरना समाप्त करने को कहा परन्तु बिना किसी ठोस आश्वासन के धरना समाप्त करने को तैयार नहीं हुए। तीनों अधिकारियों ने अलग से वार्ता कर उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया व एएसपी सुरेश खींची ने आश्वासन दिया कि आरोपी के खिलाफ सस्पेंशन की कार्रवाही सहित प्रभावी कार्रवाही की जायेगी उसके बाद ही पूर्व विधायक धरना समाप्त करने को राजी हुए। पूर्व विधायक गुर्जर ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए अधिकारियों के द्वारा दिए गए आश्वासन के बारे में बताया वे सभी की राय जानी और सभी व्यापारियों के द्वारा एक स्वर से हां करने के बाद धरना समाप्त करने की घोषणा की और व्यापारियो से कहा कि हम हर समय आप लोगो के साथ है।

किसी भी व्यापारी को पुलिस ही नहीं गुण्डा बदमाश भी परेशान नहीं कर पायेगा। अगर कोई व्यापारियों को परेशान करेगा तो हम व्यापारियों की सुरक्षा के लिए ईंट से ईंट बजा देंगे। इस दौरान पार्षद व व्यापार महासंघ अध्यक्ष केके झाम, गौरव मंगल, गोविन्द गुप्ता बरनाला, दिनेश कुनकटा, शिवदयाल जोशी, वेदप्रकाश सोनवाल, गिरधारी लाल, मनोज बंसल, हाजी जमील खान, संजय गोयल सहित नया बाजार के सभी व्यापारी आदि मोजूद थे।

दोनों पक्षों के द्वारा कराया मामला दर्ज :- थाना कोतवाली में दोनो पक्षों ने परस्पर मामले दर्ज कराए है जिसमें एक पक्ष से पवन कुमार गुप्ता ने एंव दूसरे पक्ष से सुमन कुमारी ने मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों पक्षों का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आईसीडीएस उप निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलेक्टर शुभम् चौधरी ने महिला बाल विकास विभाग में उप निदेशक कमला परमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस के अनुसार राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री असहाय, विधवाओं एवं छात्रों की सहायता के प्रति काफी गंभीर है, पालनहार योजनान्तर्गत पात्र व्यक्तियों का सर्वे हेतु उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग को विगत एक माह से निर्देशित

- कार्य में कोताही करने पर मिला नोटिस

किया गया है, किन्तु इसकी पालना नहीं की जा रही है। जारी नोटिस के अनुसार 21 मार्च, सोमवार को साप्ताहिक बैठक में पालनहार की सर्वे रिपोर्ट के बारे में पूछने पर उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग के निरूत्तर रहने एवं कोई सूचना नहीं दे पाने, बाल विकास परियोजना अधिकारीगण द्वारा सीधे ही सूचना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता को भेजने की बात कहने पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी द्वारा ऐसी कोई सूचना प्राप्त नहीं होना बताना, जिससे पर्यवेक्षन का पूरा अभाव प्रदर्शित होने पर कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त उप निदेशक महिला एवं बाल विकास को पूर्व में मौखिक चेतावनी देने के बावजूद पुन: साप्ताहिक समीक्षा बैठक में एक घंटा विलम्ब से उपस्थित हुए।

आरोपी गिरफ्तार

हिण्डौन सिटी, (का.सं.)। गत दिवस शहर के बड का पुरा निवासी एक युवक की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार गत दिव शहर के बड का पुरा निवासी एक युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इन्दौलिया के निर्देशन में वांछित अपराधियों एवं संगीन प्रकरणों में वांछित आरोपियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाधिकारी नईमण्डी गिर्राज प्रसाद पुलिस निरीक्षक मय टीम हत्याकाण्ड में वांछित आरोपी जमना लाल पुत्र दौजीराम जाति जाटव निवासी पावटियान का पुरा थाना नई मण्डी को गिरफ्तार किया गया।

लूट के इरादे से की थी व्यापारी गणेश गुप्ता की हत्या, चार गिरफ्तार

करौली, (निसं)। करौली में होली से 1 दिन पूर्व व्यापारी गणेश गुप्ता की हुई हत्या का कोतवाली थाना पुलिस ने अथक मेहनत कर पर्दाफाश करते हुए हत्या में शामिल चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। व्यापारी गणेश गुप्ता हत्याकांड का खुलासा करने के लिए कोतवाली थाना अधिकारी रामेश्वर दयाल मीणा के नेतृत्व में एएसआई चंद्र हुसैन, हैड कांस्टेबल नटवर, कांस्टेबल सुग्रीव, कांस्टेबल रीडर सत्येंद्र, नरेश,एएसआई राजवीर सिंह कोतवाली थाना स्टाफ ने व्यापारी गणेश गुप्ता हत्याकांड का पर्दाफाश कर दिया। जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इंदौरिया ने बताया कि गत 16 मार्च को रात्रि के समय मेला मैदान स्थित अपनी दुकान पर नौकर को खाना पहुंचाने जा रहे व्यापारी गणेश गुप्ता की लूट के इरादे से थैले में बड़ी रकम होने की संभावना से व्यापारी गणेश गुप्ता की बदमाश लुटेरों द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी थी।

उक्त घटना का साइबर सेल करौली तथा थाना अधिकारी कोतवाली रामेश्वर दयाल मीणा सदर थाना अधिकारी द्वारा पर्दाफाश करते हुए हत्या में शामिल आरोपी लखन पुत्र धनीराम जाटव निवासी नथुआ नगर करौली, ओम पुत्र मनीष मीणा निवासी नारायणा थाना मासलपुर, राहुल पुत्र भरोसी कोली निवासी हिंडौन गेट बाहर हॉस्पिटल के पीछे करौली एवं रवि पुत्र दयाल माली निवासी केशवपुरा करौली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि मृतक के पुत्र आशीष कुमार निवासी कोटे महोली ने कोतवाली थाने पर मामला दर्ज कराया

कोतवाली थाना पुलिस की गिरफ्त में व्यापारी गणेश गुप्ता की हत्या के चार नामजद आरोपी।

कि मेरे पिता गणेश लाल गुप्ता निवासी कोटे हाल निवासी झील का हार करौली ने आज से करीब 3 दिन पहले करौली के मेले में किराने की दुकान लगाई थी। रात्रि को 8 बजे दुकान बंद कर में और मेरे पिताजी और मेरी दो छोटी बहन घर चले गए दुकान पर नौकर अशोक सैनी को रखवाली के लिए छोड़ गए थे। घर जाकर हम लोगों ने खाना खाया रात्रि 9 बजे मेरे पिताजी गणेश गुप्ता नौकर अशोक को खाने का टिफिन देने के लिए मेला गेट बाहर दुकान पर गए थे। इस दौरान रात को अशोक का फोन आया कि मेरा खाना लेकर अंकलजी अभी तक नहीं आए हैं तो मैंने कहा कि वह घर से पैदल गए हैं थोड़ी देर में पहुंच जाएंगे उसके बाद रात्रि के समय 10 बजे मेरे पिताजी के फोन से सरकारी अस्पताल करौली से सूचना मिली कि पिताजी के साथ दुर्घटना हो गई है। जो हॉस्पिटल में गंभीर हालत में भर्ती हैं मैं घटना के बाद अस्पताल पहुंचा जहां मुझे पता चला कि बदमाश व्यक्तियों ने मेरे पिता पर हमला कर मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया है। जिन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।

होली का पर्व होने के कारण आरोपियों को पैसों की आवश्यकता होने से किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई तथा वारदात को अंजाम देने की फिराक में यह लोग प्रात: से ही घूमने लग गए थे। उन्होंने बताया कि 16 मार्च को शाम 7 बजे के करीब मृतक गणेश लाल गुप्ता अपनी दुकान को बंद कर नौकर को छोड़कर पुत्र के साथ घर चले गए मृतक गणेश गुप्ता अपने नौकर अशोक को खाना लेकर रात 9 बजे करीब मेला गेट स्थित अपनी परचून की दुकान पर आ रहे थे। जैसे ही मेला ग्राउंड के पास तीन दरवाजा पर पहुंचे तो आरोपियों की नजर गणेश गुप्ता पर पड़ी और हाथ मे थैला होने के कारण आरोपियों में और अधिक लालच हो गया कि यह व्यक्ति दिनभर की दुकान की बिक्री के पैसे लेकर जा रहा है तथा लूट करने के उद्देश्य से हमला कर मारपीट करने लग गए मृतक द्वारा विरोध करने पर चारों व्यक्तियों द्वारा गंभीर रूप से लाठी-डंडों से मारपीट कर थैले को लूट कर ले गए और गणेश गुप्ता की मौके पर ही मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि घटना का पर्दाफाश करने के लिए अलग-अलग पहलुओं की जांच हेतु पांच टीमें बनाई गई।

शाहपुरा-जहाजपुर मार्ग पर वाहन की टक्कर से युवक की मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के शाहपुरा थाना क्षेत्र से गुजर रहे शाहपुरा-जहाजपुर मार्ग पर बीती रात सडक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। शव की अभी पहचान नहीं हो पाई है। शव राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। शाहपुरा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह देवडा ने बताया कि करीब 30 वर्षीय एक युवक बीती रात पैदल ही शाहपुरा-जहाजपुर मार्ग से गुजर रहा था। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने इस युवक को चपेट में ले लिया। इसके चलते युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को जहाजपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत बताते हुये शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस शव की पहचान के प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी सिंह के अनुसार, अज्ञात युवक मुस्लिम समुदाय से हो सकता है।

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

सूरौठ, (नि.सं.)। करौली में 16 मार्च की रात्रि लगभग करीब 8:30 बजे सरेआम कुछ लोगों द्वारा गणेश बंसल की दुकान पर जाते समय सरिये एवं लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के 6 दिन बाद भी आज तक अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसी प्रकार गढ़ खेड़ा गांव में दुकानदार के साथ मारपीट व फायरिंग की घटना को लेकर जिले के अग्रवाल समाज में रोष है। जिसको लेकर सोमवार को सूरौठ अग्रवाल समाज के लोगों ने सूरौठ इकाई अध्यक्ष घनश्याम मंगल महामंत्री सत्यप्रकाश सिंघल व तहसील अध्यक्ष सतीश जिंदल के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने सूरौठ तहसील पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम सूरौठ तहसीलदार धर्म सिंह जाटव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि 18 मार्च को गढ़खेड़ा के समाज कंटक द्वारा व्यापारी से मारपीट की गई वहीं अब परिवार को धमकियां दी जा रही है जिससे पीडित सतीश चंद्र व उसके परिवार सहित गांव

- कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

के लोगों में भय व्याप्त है पुलिस ने चार दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के मौके पर व्यापार मंडल पूर्व अध्यक्ष सतीश नागरिया, अग्रवाल समाज युवा पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश गोयल, अखिल भारतीय अग्रवाल युवा महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवानन्द गुप्ता, वर्तमान युवा अध्यक्ष राहुल नागरिया सूरौठ तहसील अध्यक्ष सतीश जिंदल, इकाई अध्यक्ष घनश्याम मंगल महामंत्री सत्यप्रकाश सिंघल विनोद गोयल विष्णु मंगल व अरविंद गोयल सहित अग्रवाल समाज के गणमान्य लोग ज्ञापन सौपने के इस मौके पर रहे उपस्थित थे।

नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। दोस्त बनकर घर पर आए युवक के नाबालिग के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को क्रिश्चियनगंज थाना पुलि स ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। क्रिश्चियन गंज थाना अधिकारी डॉ. रवीश सामरिया ने बताया कि गत दिनों थाने पर पीड़ित पिता ने उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करवाई थी।

दर्ज शिकायत में बताया कि वह क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में फ्लैट्स बनाने वाल ी कंपनी में सुपरवाइजर का काम करता है, वह अपने परिवार के साथ ही एक कमरे में रहता है। इस दौरान उसकी रिंकू जायसवाल नाम के व्यक्ति से दोस्ती हुई, रिंकू ने खुद को उसके गांव का ही रहने वाला बताया, दोस्ती होने के बाद रिंकू का घर पर आना जाना लगा

- करौली के रहने वाले आरोपी रिंकू को गिरफ्तार किया

रहता था। पीड़ित पिता ने बताया कि रिंकू जायसवाल पुत्र रमेशचंद जायसवाल एक दिन घर आया, रिंकू जिस वक्त घर पर आया उस वक्त उसकी 13 साल की बच्ची घर में अकेली थी, जबकि उसकी पत्नी बाहर गई थी, जिसका फायदा उठाकर बच्ची को अकेला देखकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा लड़की अपने आप को बचाकर अपनी मां के पास पहुंची और घटना की पूरी जानकारी दी। पीड़ित पिता की रिपोर्ट पर क्रिश्चियन गंज थाना पुलि स ने पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और मामले में जिला करौली के रहने वाले आरोपी रिंकू जायसवाल पुत्र रमेश चंद जायसवाल को गिरफ्तार किया, पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

राज्यपाल मलिक का जोधपुर के गांवों में स्वागत, सिक्कों से तोला

जोधपुर, (कासं)। मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने आज जोधपुर के ग्रामीण इलाकों में आयोज्य कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनकी आवभगत करने के साथ ही स्वागत सत्कार किया। गावों में उन्हें सवा लाख के सिक्कों से भी तोला गया।

सोमवार को मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक का जोधपुर से पीपाड़ पहुंचने पर जगह-जगह ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। दोपहर बाद साथीन पहुंचने पर भूजल बोर्ड राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनिवास कुडिया की अगुवाई में राजस्थानी परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया। इस दौरान राज्यपाल को सवा लाख सिक्कों से तौला गया। सरपंच महिपाल भडियार की ओर से राज्यपाल को माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व पाली सांसद बद्रीराम जाखड, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रमिला चौधरी, जिला परिषद सदस्य दिव्या कुडिया, पीपाड प्रधान सोनिया जयंत चौधरी, विरेन्द्र सिंह मुन्दियाड़ा, श्रवण कुडिया, सुखाराम मुन्दियाड़ा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

जौल सरपंच के साथ मारपीट का मामला दर्ज

टोडाभीम, (नि.सं.)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जौल सरपंच के साथ कुछ लोगों के द्वारा मारपीट कर रुपए छीनने का मामला पीड़ित सरपंच के द्वारा स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज करवाया गया है। थाना अधिकारी रामखिलाड़ी मीना ने बताया कि ग्राम पंचायत जौल सरपंच भरतलाल मीना के द्वारा दी गई प्राथमिकी के माध्यम से बताया कि 19 मार्च को वह सुबह 9 बजे अपनी बोलेरो गाड़ी से डोरावली होते हुए ग्राम पंचायत के गांव बिशनपुरा में ग्राम पंचायत के कार्य से जा रहा था तो रास्ते में जौल गांव में एक दुकान पर पानी की बोतल लेने रुक गया। वहां पहले से ही 10-15 लोग दुकान पर बैठे हुए थे जहां पर घनश्याम ठेकेदार ने उसके साथ गाली गलौच की गई।

इतने में ही मेरा पुत्र जितेंद्र उर्फ जम्मू आ गया उसने ठेकेदार से कहा कि मेरे पिता को गाली गलौच क्यों कर रहा है। जिस पर उसने मेरे पुत्र को धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से सिर में चोट मारी जिससे वह गिर कर घायल हो गया। इसके साथ ही आरोपियों ने मेरी बोलेरो गाड़ी के शीशे तोड़ दिए तथा गाड़ी में रखे हुए 30 हजार रुपये चुरा कर ले गए। आरोपियों के द्वारा मेरे साथ मारपीट के दौरान गले से सोने की चेन भी तोड़ कर ले गए। ग्राम पंचायत सरपंच की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया है।

सरपंच के साथ मारपीट की घटना को लेकर सरपंच संघ ने जताया आक्रोश : - ग्राम पंचायत जौल सरपंच के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर सरपंच संघ की बैठक पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई। बैठक में चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में सरपंचों सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ आएदिन हो रही मारपीट की घटना को लेकर सरपंच संघ ने आक्रोश जताया है।

हाल ही में जौल ग्राम पंचायत के सरपंच भरतलाल मीना के साथ कुछ बदमाशों के द्वारा मारपीट करने सहित उसकी गाड़ी के शीशे तोड़ने की घटना को लेकर क्षेत्र के सरपंचों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि गत दिनों टोडाभीम सरपंच संघ के अध्यक्ष व नांगल शेरपुर सरपंच राकेश मीना के साथ मॉर्निंग वॉक के दौरान मारपीट की गई थी। उसी तरह की घटना की पुनरावृत्ति जौल सरपंच भरतलाल मीना के साथ कि गई है जिसका सरपंच संघ के द्वारा विरोध करने के साथ ही थानाधिकारी से मिलकर सरपंच के साथ मारपीट की घटना में लिप्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करता है।

आठ फीट गहरी खाई में गिरी कार, एक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। नेशनल हाईवे-8 पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क किनारे 8 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार में बैठे 12 साल के बच्चे की मौत हो गई और उसके मां-बाप समेत एक ही परिवार के 5 लोग घायल हो गए। कार में बैठे लोग मध्य प्रदेश के नीमच के सोनियाना गांव के रहने वाले हैं और उदयपुर से अहमदाबाद की ओर जा रहे थे। बिछीवाड़ा थाने के हैड कांस्टेबल ने बताया कि एनएच-8 पर बरोठी पैट्रोल पंप के पास जाते ही कार बेकाबू होकर पलट गई और हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

हादसे में नितिन पुत्र धनराज कुमावत के सिर पर गंभीर चोंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नितिन के पिता धनराज पुत्र शंकरलाल कुमावत, मां टीना, कार ड्राइवर राजेंद्र कुमावत उसकी पत्नी भावना, पुरुषोत्तम पुत्र बाल मुकुंद कुमावत गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को गुजरात के हिम्मतनगर हॉस्पीटल लेकर गए है, जहां उनका इलाज करवाया जा रहा है। हादसे को लेकर नीमच,मध्यप्रदेश में परिवार को सूचना दे दी है।

महामंडलेश्वर राममिलन दास पंचतत्व में विलीन

लखनऊ अखाडे के संत, सवाई माधोपुर, गंगापुर शहरी क्षेत्र के अनेक संतगण मौजूद रहे

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्थानीय जानकी बाडी मंदिर नसिया कॉलोनी के महात्यागी संत के परलोक गमन पर की साज-सज्जा व बैंडबाजे के साथ चकढोल शव यात्रा निकाली गई।

गत दिवस आकस्मिक पर लोकगमन करने वाले गंगापुर शहर के नसिया कॉलोनी स्थित जानकी बाडी हनुमान मंदिर को सन 1987 के लेकर लगभग 35 वर्षो की अवधि तक संपन्न करने, लगभग तीन बार यज्ञ कराने वाले अनेकों बार श्रीमद्भागवत कथा का व्यास गद्दियों से आयोजन कराने वाले और बस्ती को खुशहाल करने में महत्ती भूमिका का निर्वहन करने वाले महात्यागी महामंडलेश्वर लखनऊ अखाडा पीठ के मठाधीश श्रीराममिलन दास महाराज की चकढोल अंतिम शवयात्रा संपूर्ण कॉलोनी के परीक्षेत्र में साज-सज्जा के साथ रथ में विराजमान कर बैंडबाजों के साथ निकाली गई जिसमें संपूर्ण कॉलोनी के प्रबुद्धजन महिलाएं, बच्चे सभी के द्वारा अपनी अपार श्रद्धा के जुडाव होने के कारण अत्यधिक संख्या में भाग लिया गया।

इस दौरान लखनऊ अखाडे के संत महात्मा, जिला सवाई माधोपुर, गंगापुर शहरी क्षेत्र के अनेक संतगण उपस्थित

गंगापुर सिटी महात्यागी संत के चकडोल में भीड़ उमड़ी।

- चकडोल में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

रहे। चकढोल शव यात्रा के दौरान सभी ने नारियल, पुष्पमाला, पीत वस्त्र, दक्षिणा अर्पित कर मठाधीश महामंडलेश्वर महात्यागी को नम आँखों से अंतिम विदाई दी। चकढोल शवयात्रा को संपूर्ण कॉलोनी में भ्रमण कराने के पश्चात मंदिर प्रांगण में ही महात्यागी के लखनऊ पीठ के महात्माओं के नियम व निर्देशानुसार कृपापात्र चेला संत भाइयों द्वारा मुखाग्नि दी गयी और उसी स्थान पर संत महात्माओं और कॉलोनीवासियों द्वारा विधि-विधान पूर्वक संपूर्ण संस्कार करने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण कई निर्णय लिये गये। अयोध्या आश्रम से उनके भतीजों के इन्तजार में उनके पार्थिव शरीर को आमजन के दर्शनों के लिए मंदिर प्रांगण में रख दिया।

समाजसेवी व भक्त धनेश शर्मा ने बताया कि चकढोल शवयात्रा के दौरान साथ चल रहे ब्राह्मण समाज अध्यक्ष हेमन्त शर्मा, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर व सभापति शिवरतन गुप्ता द्वारा कहा गया कि निश्चित रूप से इतनी अधिक संख्या में श्रद्धा का जनसैलाब उमडने से यह प्रतीत होता है कि इस प्रकार के महामंडलेश्वर संत महात्मा का सानिध्य कॉलोनीवासियों, शहरवासियों के लिए सौभाग्यशाली, पुण्यकर्म फल होता है और हम सभी इस श्रद्धा के जनसैलाब को देखकर उनके प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी व वास्तविक श्रद्धा को नमन करते हैं। हम सभी को संत महात्मा महामंडलेश्वर की पुण्यात्मा की परमात्मा से शांति की प्रार्थना करते हुए हम सभी को सदा ही उन पुण्यात्मा के आशीर्वाद से कॉलोनी व संपूर्ण शहरीक्षेत्र के कल्याण की कामना करनी चाहिए।

इस अवसर पर पार्षद रामबाबू शर्मा, पूर्व पार्षद अशोक शर्मा, पार्षद कुबेर मेडिकल, कमलेश महावर, रवि गोठवाल, सुरेश चंद शर्मा, सुधींद्र मिल्की, सूरज गर्ग, सूर्यप्रकाश शर्मा, धन्नो सारस्वत, राजीव नरूका, भाजपा प्रवक्ता धनेश शर्मा, गजेंद्रवल्लभ, रमेश शर्मा, पूर्व पार्षद भरत मीना, डॉ. योगेश, डॉ. मुकेश व्यास, भूपेश शर्मा, घनश्याम गुर्जर, कुद्दू सरपंच, गुड्डू मीना, मनोज मीना, रामकेश लेदीया, महेश चंद,अमित मीणा पीपी, बन्टू फोटोग्राफर, जगदीश मिश्र, हजारी सोनी, सुरेन्द्र गुर्जर, राजेंद्र शर्मा, सोनू राजावत, अशोक चौधरी, बिक्की सैनी, बंटी सैनी, अंकित तवंर, रामस्वरूप महावर, रमेश महावर और सैकडों की संख्या में कॉलोनीवासी भक्तगण, महिलाएं, पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।